# बस ने महिला को रौंदते हुए 20 मीटर तक घसीटा, दर्दनाक मौत

## सोमवार की सुबह बैरियर चौराहा के पास हुआ हादसा







**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 अप्रैल।** शहर के सबसे व्यस्ततम बैरियर चौराहा पर सोमवार की सुबह एक महिला की हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। महिला सड़क क्रॉस कर रही थी। तभी एक यात्री बस ने उसे कुचल दिया। महिला बस के पिछले पहियों के बीच फंस गई, ड्राईवर बस को रोकने के बजाय करीब 30 मीटर तक महिला को घसीटता हुआ ले गया। जिससे महिला के शरीर के चीथड़े सड़क पर बिखर गए।

जानकारी के अनुसार बरी का पुरा बानमोर निवासी कमला देवी बघेल 50 पत्नी उत्तम सिंह बघेल सोमवार की सुबह अपनी बहन शांति देवी बघेल निवासी चंदन नगर ग्वालियर के साथ बानमोर से मुरैना पहुंचीं थी। कमला का पुत्र मुकेश और शांति का पुत्र दिनेश भी साथ में थे। वे सभी शांति की पुत्री की ससुराल में उसके देवर की मौत होने पर मातमपुर्सी के लिए जा रहे थे। मुरैना पहुंचनें पर वे सभी बैरियर चौराहे पर खड़े हुए थे। इसी दौरान जब कमलादेवी रोड क्रॉस कर रही थी। तभी जौरा की ओर से तेज रफ्तार में आई चंबल बस सर्विस की यात्री बस एमपी06-पी-1655 ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कमलादेवी बस के पिछले हिस्से में टायर के गैप में फंस गई। ड्राईवर ने बस को दौड़ाते हुए करीब 20 मीटर तक दूर ले जाकर रोका, जिसके बाद ड्राईवर बस को मौके पर छोड़कर भाग निकला। हादसे में महिला के शरीर के चीथड़े-चीथड़े हो गए। मांस के टुकड़े सड़क पर चिपक गए थे। दर्दनाक हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने वहां हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलने के बाद सिविल लाईन थाना पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर हंगामे पर काबू पाया। पुलिस ने बस को जब्त कर ड्राईवर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# गर्भवती महिलाओं का हुआ चेकअप

## जिला अस्पताल में पीएम सुरक्षित मातृत्व शिविर आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 अप्रैल।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय मुरैना में सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में गत दिवस का किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। जिनमें एएनसी 61, ओजीटीटी 10, आयरन शुक्रोज 02, एफसीएम 1, एचआर 11, बीटी 4 सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई।

डॉ. दिव्यांशी द्वारा 37 गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड कर उन्हें सुरक्षित गर्भावस्था एवं प्रसव संबंधी जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।

इस अवसर पर महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आयरन एवं कैल्शियम सेवन टीकाकरण और संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में जागरुक किया। चिकित्सकों ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच कराने से मां और शिशु दोनों को सुरक्षित रखा जा सकता है। सिविल सर्जन ने बताया कि परिवार नियोजन एवं सुरक्षित मातृत्व दोनों ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है।

उन्होंने आमजन में अपील की है कि शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# खाद-बीज व पेस्टीसाइड विक्रेताओं का प्रदर्शन

## मुरैना, कैलारस में कृषि आदान विक्रेता संघ के बैनर तले दिए ज्ञापन







**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 27 अप्रैल।** कृषि आदान विक्रेता संघ के बैनर तले खाद-बीज और पेस्टीसाइड विक्रेताओं ने सोमवार को मुरैना शहर एवं कैलारस में अपनी दुकानें बंद रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उनके द्वारा प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदारों को ज्ञापन सौंपे। इन ज्ञापनों में विक्रेताओं ने मांगों का शीघ्र निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मुरैना शहर में खाद, बीज और पेस्टीसाइड की शहर के जीवाजी गंज, सदर बाजार सहित अन्य स्थानों पर स्थित दुकानें सोमवार को पूरी तरह बंद देखीं गईं। इस दौरान विक्रेताओं ने शहर के जीवाजीगंज क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन भी किया। जिसके बाद उनके द्वारा एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह को ज्ञापन दिया गया।

**कैलारस में भी बंद रहीं दुकानें, कृषि आदान विक्रेता संघ ने दिया ज्ञापन :** कैलारस कस्बे में कृषि आदान विक्रेता संघ के बैनर तले व्यवसाईयों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। उनके द्वारा मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में ध्रुव सिंह सिकरवार, महेश पटेल, कालीचरण त्यागी, रामवीर धाकड़, सचिन अग्रवाल, विजय बंसल, मंटूलाल गर्ग, दर्शनलाल मंगल, दिनेश गोयल आदि शामिल थे।

### जानिए क्या है खाद-बीज विक्रेताओं की प्रमुख मांगें

: उर्वरक कंपनियों द्वारा सब्सिडी खाद के साथ अन्य दवाओं की जबरन लिंकिंग पर प्रतिबंध लगे।
: खाद की डिलेवरी रिटेलर के गोदाम तक एफओआर व्यवस्था के तहत सुनिश्चित की जाए।
: डीलर का मार्जिन बढ़ाकर न्यूनतम 8 प्रतिशत किया जाए।
: अवैध एचबीटी बीजों की बिक्री पर सख्त रोकलगाई जाए।
: सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेता को दोषी न मानकर गवाह माना जाए।
: एक्सपायर्ड कीटनाशकों को वापस लेने की कानूनी बाध्यता तय हो।
: ई-टोकन प्रणाली स्थगित कर लाइसेंस नियमों को सरल बनाएं।



# 32 बोर पिस्टल व तमंचे सहित बदमाश गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 अप्रैल।** अंबाह थाने की पुलिस ने सोमवार को पिस्टल एवं तमंचा और जिंदा राउण्ड के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओ में अपराध दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार मुखबिर ने सूचना दी कि गुलाबपुरा में पानी की टंकी के पास एक बदमाश हथियारों के साथ वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़ा हुआ है।

पुलिस ने बताए गए स्थान पर दविश देकर वहां से एक युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से 32 बोर की एक पिस्टल और 315 बोर का एक तमंचे के साथ 32 बोर के 12 जिंदा राउण्ड जब्त किए गए। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में निरीक्षक वीरेश कुशवाह और उनकी टीम शामिल थी।

# गंगा महोत्सव में चिकित्सा सेवा का सम्मान, 52 डॉक्टर सम्मानित





## गंगा जयंती पर टाउन हॉल में हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 अप्रैल।** गंगा जयंती के मौके पर रविवार को जीवाजीगंज स्थित टाउन हॉल में गंगा महोत्सव का आयोजन हुआ। इसके साथ ही चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले किरार-धाकड़ समाज के 52 डॉक्टरों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां गंगा की पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह यादव ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों का सम्मान करना और समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. गुलाब सिंह किरार उपस्थित रहे। अध्यक्षता हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. बीएल राजपूत ने की। कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाएं गंगा परिवार के राष्ट्रीय संयोजक दीवान सिंह यादव ने निभाई।

**आर्थिक अभाव मरीज के उपचार में बाधा न बने:** गुलाब सिंह

मुख्य अतिथि डॉ गुलाब सिंह किरार ने कार्यक्रम में चिकित्सा को मानव सेवा का सर्वोच्च माध्यम बताते हुए चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे मरीजों के प्रति संवेदनशील रहें और गरीब व जरूरतमंदों का यथासंभव नि:स्वार्थ इलाज करें। उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव किसी भी मरीज के उपचार में बाधा नहीं बनना चाहिए। उन्होंने समाज से भी चिकित्सकों के प्रति सम्मान और सहयोग बनाए रखने की अपील की।

### इनकी रही मौजूदगी

भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, गिर्राज दंडोतिया, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष केदार सिंह यादव, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज पाल यादव, गंगा परिवार संरक्षक रामलखन यादव, मानसिंह राजपूत, कांग्रेस नेता राजेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक आयोजित, 1 मई से बढ़ेंगी दरें

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 अप्रैल।** फोटोग्राफर एसोसिएशन मुरैना की एक आवश्यक बैठक रविवार को स्थानीय वृद्धाश्रम में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता दीपक मोदी ने की। बैठक का आयोजन एसोसिएशन के संरक्षक शमाउद्दीन खान एवं अध्यक्ष अनूप गर्ग के मार्गदर्शन में हुआ।

बैठक में फोटोग्राफरों की समस्याओं पर चर्चा के दौरान कहा गया कि लगातार बढ़ती महंगाई के दौर में फोटोग्राफरों के सामने भी चुनौतियां खड़ी हो रहीं है। जिसे देखते हुए फोटोग्राफ्स की दरों में बढ़ौत्तरी किया जाना जरूरी है। बैठक में चर्चा के दौरान फोटोग्राफ्स की नवीन दरों का निर्धारण कर आगामी 1 मई 2026 से उन्हें लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय हुआ कि सभी स्टूडियो संचालकों के आई डी कार्ड भी जल्द तैयार किए जाएगें। बैठक में सोनू, जितेन्द्र, सचिन, पंकज, रवि, रामअवतार, पदम जैन, जोगेन्द्र, सुनील, शैलू, धर्मेन्द्र, शेखर गर्ग, पवन शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# एसपी बंगले से 30 मीटर दूर सूने घर से नकदी-जेवरात चोरी

## रविवार देर रात हुई वारदात, एसपी बंगले पहुंचकर दी सूचना

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक के आवास से महज 30 मीटर की दूरी पर गायत्री कॉलोनी स्थित एक घर से रविवार की रात को अज्ञात बदमाश ताले काटकर जेवरातों समेत 60 हजार रूपये नकदी चुराकर ले गए। वारदात के वक्त घर सूना था। देर रात को जब गृहस्वामी लौटकर आए, तो उन्हें ताले कटे हुए मिले। तब उन्होंने एसपी बंगले पहुंचकर घटना की सूचना दी।

जानकारी के अनुसार गायत्री कॉलोनी निवासी निक्की ठाकुर पुत्र मुरारीलाल ठाकुर को डबरा निवासी नानाजी को 26 अप्रैल की शाम हार्ट अटैक होने की सूचना मिली। जिसके बाद निक्की अपने पिता और मां के साथ उन्हें देखने के लिए शाम करीब 7 बजे ग्वालियर निकल गया था। एक दिन पहले निक्की की पत्नी अपनी मायके चली गई थी।

सूने घर को निक्की ठाकुर ताला लगाकर गए हुए थे। देर रात करीब 2.15 बजे ग्वालियर से लौटकर आए तो उन्हें घर के मेनगेट पर लगा हुआ ताला कटा हुआ मिला। जब वे घर के अंदर पहुंचें तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था। अलमारी में रखे सोने के जेवरात जिनमें एक हार, एक जंजीर, एक जोड़ी सोने की बालियां और एक थैले में बच्चों द्वारा इकट्ठा किए गए करीब 60 हजार रूपये गायब थे।

# इंदिरा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना लक्ष्य : भास्कर राव

## मुरैना आगमन पर इंदिरा ज्योति यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 अप्रैल।** रामराज्य का संदेश लेकर 26 अप्रैल को मुरैना पहुंचीं इंदिरा ज्योति यात्रा का कांग्रेसजनों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर जौरा रोड स्थित महाराजा रिसोर्ट में भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सम्यक अभियान के प्रमुख भास्कर राव रोकड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस दौरान मप्र समन्वयक शैलेंद्र श्रीवास्तव, ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर, शहर अध्यक्ष गजेंद्र जाटव, आयोजन समिति अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिकरवार ने अतिथियों का स्वागत किया।

### स्व. इंदिरा के विचार आज भी हमारे प्रेरणास्त्रोत : भास्कर राव

मुख्य अतिथि भास्कर राव रोकड़े ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कार्यए विचार और निर्णय समाज को दिशा दे रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य इंदिरा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि सम्यक अभियान के तहत यह यात्रा पूरे मप्र में निकाली जा रही है, जिसकी शुरुआत 6 जनवरी 2026 को छिंदवाड़ा से हुई। उन्होंने विश्वास जताया कि



सरकार बनने पर 6 माह के भीतर बेरोजगारी कम करने के प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता हरीश पाठक ने किया।

### कांग्रेस नेता बोले समाज में सकारात्मक बदलाव की कोशिश

कार्यक्रम में आयोजन समिति अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिकरवार ने कहा कि आओ चलें रामराज्य की ओर अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर ने कहा कि संगठन इंदिरा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने प्रतिबद्ध है।

### सैकड़ों कांग्रेसजन रहे उपस्थित

राधारमण डण्डौतिया, योगेन्द्र सिंह तोमर, दीपक शर्मा, रामलखन सिंह डण्डौतिया, डॉ. वेदप्रकाश शर्मा, अनिल परमार, लोकेन्द्र यादव, विनीत कंषाना, मानवेन्द्र गांधी, उदयवीर सिकरवार, अजीत सिकरवार, अनिल गुर्जर, शैलेन्द्र शर्मा, प्रमोद परमार, भवूति गुर्जर, राजकुमार धाकड़, विनोद शर्मा, रमेश अर्गल, सोनू जौनवार, मनोज सिकरवार, धीरज जौनवार, पवन यादव, मनीष शर्मा, पातीराम लोधी, भूपेन्द्र सिकरवार, रघुवीर त्यागी, ममता कुशवाह, हरिओम कुशवाह, रिंकू कुशवाह समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# विशेष जेल लोक अदालत में बंदियों को मिली राहत, प्रकरण निराकृत

**मुरैना, 27 अप्रैल।** राष्ट्रीय स्तर के निर्देशों के तहत मुरैना जिला जेल में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों से जुड़े राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें राहत प्रदान की गई। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष संगीता मदान के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस दौरान जेल लोक अदालत में ऐसे प्रकरणों को रखा गया जो आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से हल किए जा सकते थे। प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष खंडपीठ का गठन किया गया, जिसमें सुलहकर्ता सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। आपसी सहमति से कई मामलों का समाधान कर बंदियों को कानूनी राहत दिलाई गई।

# सूने घर से 1.70 लाख नकदी-जेवरात चोरी

## शहर ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हुई घटना




**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 अप्रैल।** रविवार की रात को शहर की ओल्ड हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित एक घर के ताले चटकाकर अज्ञात बदमाश 1 लाख 70 हजार रूपये नकदी समेत सोने, चांदी के जेवरात समेटकर ले गए। घटना के वक्त घर सूना था। परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने सबलगढ़ गए हुए थे।

जानकारी के अनुसार मूलत: सबलगढ़ निवासी रवि गोयल पुत्र राकेश गोयल इन दिनों अपने परिवार के साथ शहर की ओल्ड हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में निवासरत है। रविवार 26 अप्रैल को शादी समारोह में शामिल होने के लिए रवि अपने परिवारीजनों को साथ लेकर सबलगढ़ गए हुए थे।

सूने घर पर ताला लगा हुआ था। 27 अप्रैल की सुबह जब रवि अपने परिवार के साथ घर पहुंचें, तो मेनगेट पर लगा हुआ ताला उन्हें टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाने पर कमरों के ताले भी चटके हुए मिले। रवि गोयल के अनुसार बदमाश घर में अलमारी में रखे 1 लाख 70 हजार रूपये समेत उसमें रखे सोना-चांदी के जेवरात गायब थे। रवि गोयल के अनुसार चोरी गए माल की कीमत तकरीबन 3 लाख रूपये होगी। सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का मुआयना किया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं किया था।

# 1 मई को मनेगा ज्ञानसागर महाराज का अवतरण दिवस



## मुरैना में ज्ञानतीर्थ पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 27 अप्रैल।** राष्ट्र संत, छाणी परंपरा के षष्ठ पट्टाचार्य, सराकोद्धारक आचार्य ज्ञानसागर महाराज का अवतरण दिवस 1 मई को मुरैना में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा भव्य धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जैन मित्र मंडल मुरैना द्वारा 1 से 3 मई तक त्रि-दिवसीय समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रथम दिन 1 मई को एबी रोड स्थित ज्ञानतीर्थ जिनालय में प्रात: 6 बजे से भगवान आदिनाथ स्वामी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, आचार्य श्री की पूजन, पाद प्रक्षालन, प्रभात फेरी, ज्ञानतीर्थ परिक्रमा एवं गुणगान सभा का आयोजन होगा।

2 मई को जीवदया के अंतर्गत गौसेवा, पक्षियों के लिए दाना तथा जलपात्र वितरण किया जाएगा। तीसरे दिन 3 मई को नगर के विभिन्न स्थानों पर शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ होगा। 1 मई को पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर में विशेष मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रात्रि 7 बजे महाआरती के साथ विभिन्न महिला मंडलों द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।


### आम-सूचना

**श्रीमूर्ति महामाया मंदिर न्यास मुरैना के निर्वाचन दिनांक 09.03.2026 को अनुविभागीय अधिकारी के आदेश के कारण से स्थगित किया गया था। परन्तु माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के आदेश दिनांक-20.04.2026 के द्वारा दिनांक 09.03.2026 के आदेश को स्टे किए जाने से दिनांक 09.03.2026 का आदेश निष्प्रभावी होने से श्रीमूर्ति महामाया मंदिर न्यास मुरैना के बायलॉज के अनुसार प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के निर्वाचन पूर्वगामी स्थिति से पुन: कराए जा रहे है। जिस हेतु आम सूचना महामाया मंदिर के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। दिनांक 27.04.2026**

**निर्वाचन अधिकारी**
**एडवोकेट राजप्रताप डण्डौतिया**
**संयोजक: दिनेश बाथम**
तदर्थ समिति, श्रीमूर्ति महामाया मंदिर न्यास मुरैना

### आम सूचना

श्रीमती फूला गौड़ उर्फ फुल्मो पत्नी श्री रामावतार गौड़ के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम रिठौनिया, प.ह.नं.18 (पुराना) एवं 39 (नया). रा.नि.मं.02 कैलारस, तहसील कैलारस एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.281 एवं 282 ग्राम रिठौनिया का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 880 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूमि कप्तान यादव, पश्चिम में-रास्ता 18 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूमि श्री हरिविलास यादव एवं दक्षिण में-भूखण्ड रेखा परमार है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री लाखन पुत्र श्री रामवल द्वारा श्री संजीव कुमार पुत्र श्री मांगीलाल एवं श्री मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री रामस्वरूप गुप्ता को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1657 दिनांक 05.03.2012 से विक्रय की गई। श्री मुकेश कुमार गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती फूला गौड़ उर्फ फुल्मो पत्नी श्री रामावतार गौड़ को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25832021ए1559797 दिनांक 12.07.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती फूला गौड़ उर्फ फुल्मो द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710**

### आम सूचना

श्रीमती कल्पना पत्नी श्री पुरूषोत्तम डंडोतिया के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.07. स्थित ग्राम मुरैनागाँव, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.576 ग्राम मुरैनागाँव का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 974 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूखण्ड क्र.06, पश्चिम में-भूखण्ड क्र.08, उत्तर में-भूमि दीगर एवं दक्षिण में-रास्ता 20 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री गिरजाशंकर, श्री सेवाराम, श्री रामसहाय पुत्रगण श्री रघुवर के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री गिरजाशंकर का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री बीरेन्द्र, श्री परमानंद, श्री द्वारिकाप्रसाद पुत्रगण स्व. श्री गिरजाशंकर उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री परमानंद द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती कल्पना पत्नी श्री पुरुषोत्तम डंडोतिया के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती कल्पना द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री गिरजाशंकर के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710**